CLASS – V [सामान्य ज्ञान]

प्रश्न :– बिहार राज्य का नाम बिहार क्यों पड़ा?
उत्तर :– बौद्ध संन्यासियो के ठहरने के स्थान को 'विहार' कहा जाता है। इस राज्य में विहारो की संख्या अधिक होने के कारण तुगलककाल में इसका नाम बिहार पड़ा। तभी से यह राज्य बिहार के नाम से जाना जाता है।

प्रश्न :– बिहार राज्य का स्थापना कब हुआ?
उत्तर :– बिहार राज्य का स्थापना 1 अप्रैल 1912 ई० को हुआ।

प्रश्न :– बिहार की सीमाए/चौहद्दी क्या है?
उत्तर :– बिहार की सीमाए उत्तर में नेपाल, दक्षिण में झारखण्ड पूरब में पश्चिम बंगाल एवं पश्चिम में उत्तर प्रदेश है।

प्रश्न :– बिहार का क्षेत्रफल कितना है?
उत्तर :– बिहार का क्षेत्रफल 94,163 वर्ग किमी० है।

प्रश्न :– बिहार का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है?
उत्तर :– बिहार का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का 2.86 प्रतिशत(%) है।

प्रश्न :– बिहार की कुल जनसंख्या कितनी है?
उत्तर :– बिहार की कुल जनसंख्या 10,38,04,637 करोड़ (2011 के जनगणना के अनुसार) है।



Scanned with CamScanner

[बिहार की नदियाँ]

प्रश्न :- बिहार की प्रमुख नदियाँ कौन कौन सी है?

उत्तर:- बिहार की प्रमुख नदियाँ - गंगा, सरयु, गण्डक, बूढ़ीगण्डक, बागमती, कोसी, सोन, महानन्दा, कमला, पुनपुन, फल्गु, सकरी, कर्मनासा आदि है।

प्रश्न :- बिहार की सबसे लम्बी तथा बड़ी नदी कौन सी है?

उत्तर:- बिहार की सबसे लम्बी तथा बड़ी नदी गंगा है।

प्रश्न :- गंगा नदी कहाँ से निकलती है? और कहाँ गिरती है?

उत्तर:- गंगा नदी उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री नामक हिमानी स्थान से निकलती है। बक्सर के निकट बिहार में प्रवेश करती है तथा बिहार के मैदान को दो भागों में बाँटती हुई पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

प्रश्न :- नेपाल से निकलकर बिहार में बहने वाली नदियों में सबसे लम्बी नदी कौनसी है?

उत्तर:- नेपाल से निकलकर बिहार में बहने वाली नदियों में सबसे लम्बी नदी "कोसी" है।



Scanned with CamScanner

प्रश्न:- किस नदी को "बिहार का शोक" कहा जाता है?
उत्तर:- कोसी नदी को "बिहार का शोक" कहा जाता है।
प्रश्न:- सोन नदी कहाँ से निकलती है? तथा किस नदी में आकर मिलती है?
उत्तर:- सोन नदी मध्यप्रदेश के अमरकंटक नामक स्थान से निकलती है तथा पटना के निकट गंगा नदी में आकर मिल जाती है।
प्रश्न:- पुनपुन नदी कहाँ से निकलती है? तथा किस नदी में आकर मिलती है?
उत्तर:- पुनपुन नदी मध्यप्रदेश के पठारी भाग से निकलती है तथा पटना के निकट फतुहा में गंगा में आकर मिल जाती है।
प्रश्न:- कर्मनाशा नदी कहाँ से निकलती है? तथा किस नदी में आकर मिलती है?
उत्तर:- कर्मनाशा नदी विंध्याचल से निकलती है तथा चौसा (बक्सर) के निकट गंगा में मिल जाती है।
प्रश्न:- गंगा की सहायक नदियों में उत्तर की ओर कौन सी नदी सबसे लम्बी है?
उत्तर:- गंगा की सहायक नदियों में उत्तर



Scanned with CamScanner

की ओर "कोसी" नदी सबसे लम्बी है।

प्रश्न:— उत्तरी बिहार के मैदान की सबसे पूर्वी नदी कौन सी है?

उत्तर:— उत्तरी बिहार के मैदान की सबसे पूर्वी नदी महानन्दा है।

प्रश्न:— फल्गु नदी की मुख्य धारा क्या कहलाती है?

उत्तर:— फल्गु नदी की मुख्यधारा निरंजन कहलाती है।

प्रश्न:— कौन सी नदी उत्तर प्रदेश तथा बिहार के बीच सीमा का काम करती है?

उत्तर:— कर्मनाशा नदी उत्तर प्रदेश तथा बिहार के बीच सीमा का काम करती है।

प्रश्न:— एशिया का सबसे बड़ा सड़क पुल किस नदी पर है और कहाँ है?

उत्तर:— एशिया का सबसे बड़ा सड़क पुल महात्मा गाँधी सेतु, यह गंगा नदी पर पटना में है।

प्रश्न:— राजेन्द्र सेतु किस नदी पर है और कहाँ है?

उत्तर:— राजेन्द्र सेतु गंगा नदी पर मोकामा के निकट है।

प्रश्न:— भारत का सबसे बड़ा रेल पुल किस नदी पर है और कहाँ है?

उत्तर:— भारत का सबसे बड़ा रेल पुल जवाहर पुल यह सोन नदी पर बिहार के डेहरी-ऑन-सोन में है।



Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बिहार की सर्वाधिक तीव्र जलधारा वाली नदी कौन - सी है?

उत्तर :- बिहार की सर्वाधिक तीव्र जलधारा वाली नदी बूढ़ी गंडक है।

प्रश्न :- बिहार में बहनेवाली गंगा नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी कौन सी है?

उत्तर :- बिहार में बहनेवाली गंगा नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी सोन नदी है।

प्रश्न :- नेपाल में नारायणी के नाम से किस नदी को जाना जाता है?

उत्तर :- नेपाल में नारायणी के नाम से गंडक नदी को जाना जाता है।

प्रश्न :- मुजफ्फरपुर किस नदी के किनारे बसा है?

उत्तर :- मुजफ्फरपुर "बूढ़ी गंडक" नदी के किनारे बसा है।

प्रश्न :- पटना किस नदी के किनारे बसा है?

उत्तर :- पटना गंगा नदी के किनारे बसा है।

प्रश्न :- बिहार की कौन सी नदी मार्ग बदलने के लिए कुख्यात है?

उत्तर :- बिहार की "घाघरा नदी" मार्ग बदलने के लिए कुख्यात है।

प्रश्न :- बक्सर किस नदी के किनारे बसा है?

उत्तर :- बक्सर "गंगा नदी" के किनारे बसा है।



Scanned with CamScanner

[जलप्रपात] Waterfall

प्रश्न :— जलप्रपात क्या है?

उत्तर :— जब नदी की जलधारा पहाड़ियों की ऊँचाई से तेज गति से नीचे गिरती है, तो इस अवस्था को जलप्रपात कहते हैं।

प्रश्न :— जलप्रपात का निर्माण किन नदियों द्वारा होता है?

उत्तर :— जलप्रपात का निर्माण उन नदियों द्वारा होता है जिनके बहाव-मार्ग में मृदु शैल (मिट्टी) का अपरदन तथा कठोर शैल द्वारा रुकावट उत्पन्न होती है।

प्रश्न :— बिहार के किन क्षेत्रों में जलप्रपात पाये जाते हैं?

उत्तर :— बिहार के गया, रोहतास एवं नवादा के पहाड़ी क्षेत्रों में जलप्रपात पाये जाते हैं।

प्रश्न :— बिहार के प्रमुख जलप्रपात कौन-से हैं?

उत्तर :— बिहार के प्रमुख जलप्रपात, ककोलत जलप्रपात (नवादा जिला में) है।

प्रश्न :— गर्म जल के स्रोत क्या है?

उत्तर :— किसी पहाड़ी अथवा पहाड़ से निकलते हुए गर्म जल "गर्म जल के स्रोत" कहलाते हैं।



Scanned with CamScanner

प्रश्न :— जलकुण्ड क्या है?
उत्तर :— पहाड़ या पहाड़ी से निकलते हुए गर्म जल के स्रोत जब एक स्थान पर इकट्ठा होता है तो उसे जलकुण्ड कहते है।

प्रश्न :— गर्म जल के स्रोतों के लिए बिहार का सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल कौन-सा है?
उत्तर :— गर्म जल के स्रोतों के लिए बिहार का सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल राजगीर है।

प्रश्न :— बिहार के सुप्रसिद्ध जलकुण्ड कौन-कौन-से है? और यह किन स्थानों पर स्थित है?
उत्तर :—

| | जलकुण्ड | स्थान |
|---|---|---|
| (i) | ब्रम्हा कुण्ड | राजगीर |
| (ii) | सूर्य कुण्ड | राजगीर |
| (iii) | मरवद्दम कुण्ड | राजगीर |
| (iv) | नानक कुण्ड | राजगीर |
| (v) | गोमुख कुण्ड | राजगीर |
| (vi) | सप्तधारा कुण्ड | राजगीर |
| (vii) | सीता कुण्ड | मुंगेर |
| (viii) | रामेश्वर कुण्ड | मुंगेर |
| (ix) | लक्ष्मण कुण्ड | मुंगेर |
| (x) | ऋषि कुण्ड | मुंगेर |



Scanned with CamScanner

# [बिहार के पहाड़ एवं पहाड़ियाँ

प्रश्न :— पहाड़ (Mountain) किसे कहते है?
उत्तर :— समतल भूमि से ऊपर काफी ऊँचाई तक उठा वह भाग जो ऊपर जाकर नुकीला हो जाता है तो उसे पहाड़ कहते हैं।

प्रश्न :— पहाड़ी किसे कहते हैं?
उत्तर :— वह पहाड़ पहाड़ी कहलाता है जिसकी औसत ऊँचाई 300 मीटर से कम हो।

प्रश्न :— बिहार की पहाड़ियों को कितने भागों में बाँटा गया है?
उत्तर :— बिहार की पहाड़ियों को दो भागों में बाँटा गया है। (i) उत्तरी बिहार की पहाड़ियाँ (ii) गंगा के दक्षिण भाग की पहाड़ियाँ या दक्षिण बिहार की पहाड़ियाँ

प्रश्न :— उत्तरी बिहार में कौन-कौन सी पहाड़ियाँ है? तथा किस भाग में स्थित हैं?
उत्तर :— उत्तरी बिहार में निम्नलिखित पहाड़ियाँ है। जो उत्तर-पश्चिम बिहार में स्थित है।
i. रामनगर दून की पहाड़ियाँ।
ii. सोमेश्वर की पहाड़ियाँ

प्रश्न :— बिहार की सबसे ऊँची चोटी कौनसी हैं?
उत्तर :— बिहार की सबसे ऊँची चोटी सोमेश्वर श्रेणी है।



Scanned with CamScanner

प्रश्न :— सोमेश्वर श्रेणी की अधिकतम ऊँचाई कितनी है?

उत्तर :— सोमेश्वर श्रेणी की अधिकतम ऊँचाई 875 मीटर है।

प्रश्न :— दक्षिण बिहार में कौन - कौन - सी प्रमुख पहाड़ियाँ हैं?

उत्तर :—

| पहाड़ियाँ | स्थान (जिला) |
| --- | --- |
| I. राजगृह की पहाड़ियाँ | नालंदा |
| II. गिरियक की पहाड़ियाँ | नालंदा |
| III. खड़गपुर की पहाड़ियाँ | मुंगेर |
| IV. रामशिला महावर की पहाड़ियाँ | गया |
| V. बराबर की पहाड़ियाँ | जहानाबाद |
| VI. मंदार की पहाड़ियाँ | बांका |
| VII. कैमूर की पहाड़ियाँ | रोहतास |

शब्द - संक्षेप (Abbreviations)

C.O — Circle Officer
D.M — District Magistrate
B.A — Bachelor of Arts
M.A — Master of Arts
B.D.O — Block Development Officer
B.L.O — Booth Level Officer
P.M — Prime Minister
C.M — Chief Minister



Scanned with CamScanner

[सम - सामयिकी]

प्रश्न :- मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री कौन हैं?
उत्तर - वाई० एस० जगमोहन रेड्डी
प्रश्न :- छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री कौन है?
उत्तर :- भूपेश बघेल
प्रश्न :- झारखण्ड के मुख्यमंत्री कौन है?
उत्तर :- हेमंत सोरेन
प्रश्न :- बिहार के वर्तमान में राज्यपाल कौन है!
उत्तर :- फागु चौहान
प्रश्न :- बिहार के स्वास्थ्य मंत्री कौन है?
उत्तर - मंगल पाण्डेय
प्रश्न :- बिहार के परिवहन मंत्री कौन है?
उत्तर :- संतोष कुमार निराला
प्रश्न :- भारत के थल सेना अध्यक्ष कौन है?
उत्तर :- जनरल विपिन रावत
प्रश्न :- भारत के केन्द्रीय खेल मंत्री कौन हैं?
उत्तर - किरण रिजिजू
प्रश्न - भारत में दूसरी बार लॉकडाउन कब लागू हुआ ? और कितने दिनों के लिए लागू हुआ?
उत्तर :- 15 अप्रैल से 3 मई 2020 तक 19 दिनों के लिए लागू हुआ।
प्रश्न :- कोरोना का अर्थ क्या है?
उत्तर :- को = कोई, रो = रोड पर, ना = ना निकले।
अर्थात कोई भी व्यक्ति रोड पर ना निकले।



Scanned with CamScanner

CLASS - V [सामान्य ज्ञान]

## [बिहार के अनुसंधान संस्थान]

## Research institutes of Bihar.

प्रश्न :- बिहार के अनुसंधान संस्थानों के नाम को लिखें।

उत्तर :- (i) अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल - गया।
(Anugrah Narayan Magadh Medical College and Hospital.) Gaya

II. कटिहार मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल
Katihar Medical College and Hospital.

III. National Institute of Pharmaceutical Education and Research. Hajipur

IV. Rajendra Memorial Research institute of Medical Sciences.

V. All India Institute of Medical Sciences. Patna.

VI. आलू विकास एवं शोध संस्थान - बिहारशरीफ
Potato Development and Research institute - Bihar Sarif.

Scanned with CamScanner

viii. चावल विकास एवं शोध संस्थान - आरा
Rice Development and Research Institute - Ara.

viii. मखाना विकास एवं शोध संस्थान - दरभंगा
Makhana Development and Research Institute - Darabhanga.

ix. लीची विकास एवं शोध संस्थान मुजफ्फरपुर
Lichhi Development and Reasearch ~~Mujaff~~ Mujaphharpur

x. मक्का विकास एवं शोध संस्थान बेगूसराय

xi. केन्द्रीय फल शोध संस्थान - सबौर

## [बिहार के चिकित्सा महाविद्यालय]

प्रश्न :- बिहार में चिकित्सा महाविद्यालय कौन - कौन से हैं और कहाँ हैं?

उत्तर :- बिहार में चिकित्सा महाविद्यालय निम्नलिखित हैं।

| चिकित्सा महाविद्यालय | स्थान | स्थापना |
|---|---|---|
| I. पटना मेडिकल कॉलेज | पटना | 1925 |
| II. दरभंगा मेडिकल कॉलेज | दरभंगा | 1947 |
| III. जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज | भागलपुर | 1971 |
| IV. नालंदा मेडिकल कॉलेज | पटना | 1969 |
| V. पटना डेन्टल कॉलेज | पटना | 1974 |
| VI. श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज | मुजफ्फरपुर | 1971 |
| VII. अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज | गया | 1969 |
| IX. बुद्धा डेन्टल कॉलेज | पटना | |

## [बिहार के विश्वविद्यालय]

प्रश्न :— बिहार में कितने विश्वविद्यालय हैं? और कहां-कहां हैं?

उत्तर :— बिहार में विश्वविद्यालयों की संख्या 12+5+6 =23 है, जो निम्नलिखित हैं।

| विश्वविद्यालय | मुख्यालय | स्थापना |
|---|---|---|
| 1. पटना विश्वविद्यालय | पटना | 1917 |
| 2. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय | मुजफ्फरपुर | 1952 |
| 3. तिलका मांझी विश्वविद्यालय | भागलपुर | 1960 |
| 4. कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय | दरभंगा | 1961 |
| 5. मगध विश्वविद्यालय | बोधगया | 1962 |

6. राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय - पूसा - 1970
7. ललित नारायण मिथिला विश्व विद्यालय - दरभंगा - 1972
8. वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय - आरा - 1992
9. जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय - छपरा - 1992
10. बी० एन० मंडल विश्वविद्यालय - मधेपुरा - 1992
11. नालंदा खुला विश्वविद्यालय - नालंदा - 1988
12. मौलाना मजहरुल हक अरबी - फारसी विश्व विद्यालय - पटना - 1994

नये:- 13 सी० एन० एल० यू० - पटना
" 14 आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय - पटना
" 15 पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय - पटना
" 16 पूर्णिया विश्वविद्यालय - पूर्णिया
" 17 मुंगेर विश्वविद्यालय - मुंगेर

केन्द्रीय - अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी - किशनगंज
" - बिहार कृषि विश्वविद्यालय - सबौर
" - महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय - मोतीहारी
" - दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय - गया
" - नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्व विद्यालय - राजगीर
" - चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी मीठापुर - पटना

[बिहार के अभियंत्रण/इंजीनियरिंग संस्थान]

प्रश्न :— बिहार में इंजीनियरिंग महाविद्यालय कौन -कौन से हैं और कहाँ -कहाँ हैं?

उत्तर :— बिहार में इंजीनियरिंग महाविद्यालय निम्नलिखित हैं —

(1) बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग — पटना

(2) भागलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज — भागलपुर

(3) मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी — मुजफ्फरपुर

(4) मौलाना अबुल कलाम आजाद इंजीनियरिंग कॉलेज — पटना

(5) फैकल्टी और एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग —पूसा समस्तीपुर

प्रश्न :- बिहार में विश्वविद्यालयों की संख्या संख्या कितनी है?

उत्तर :- बिहार में पुराने विश्वविद्यालयों की संख्या — 12

नए विश्वविद्यालयों की संख्या — 05

तथा केन्द्रीय विश्व विद्यालयों की संख्या - 06

प्रश्न :- बिहार में सबसे पहले किस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी?

उत्तर :- पटना विश्वविद्यालय-पटना —1917

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बिहार में सबसे किस चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हुई थी?
उत्तर - पटना मेडिकल कॉलेज - पटना

प्रश्न :- बिहार में सबसे पहले किस इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना हुआ था?
उत्तर :- बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग - पटना

## बिहार के उद्योग

प्रश्न :- उद्योग किसे कहते हैं?
उत्तर :- जिस संस्था के द्वारा कच्चे माल का उपयोग कर किसी वस्तु का निर्माण किया जाता है, उसे उद्योग कहते हैं।

प्रश्न :- उद्योग कितने प्रकार के होते हैं?
उत्तर :- उद्योग तीन प्रकार के होते हैं।
I. कुटीर उद्योग II. लघु उद्योग III. वृहत उद्योग

प्रश्न :- "कुटीर उद्योग" किसे कहते हैं?
उत्तर :- जिस उद्योग का संचालन एक स्वतंत्र कारीगर अपनी व्यक्तिगत पूंजी से बहुत छोटे पैमाने पर करता है उसे कुटीर उद्योग कहते हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- "लघु उद्योग" क्या है?
उत्तर :- जिस उद्योग का आकार एवं उत्पादन पैमाना कुटीर उद्योग से बड़ा होता है उसे लघु उद्योग कहते हैं।

प्रश्न :- "वृहत् उद्योग" किसे कहते हैं?
उत्तर :- जिस उद्योग के उत्पादन का पैमाना बहुत बड़ा होता है और बड़ी मात्रा में कच्चा माल, ऊर्जा एवं पूँजी का उपयोग होता है उसे "वृहत् उद्योग" कहते हैं।

प्रश्न :- बिहार में कितने प्रकार के औद्योगिक उपक्रम स्थापित हैं?
उत्तर :- बिहार में तीन प्रकार के औद्योगिक उपक्रम स्थापित हैं।
1. भारत सरकार के औद्योगिक उपक्रम
2. बिहार सरकार के औद्योगिक उपक्रम
3. निजी क्षेत्र के कम्पनियाँ

प्रश्न :- बिहार में भारत सरकार के कौन-कौन से औद्योगिक उपक्रम स्थापित हैं?
उत्तर :- बिहार में भारत सरकार के निम्नलिखित औद्योगिक उपक्रम स्थापित हैं।
1. बरौनी तेलशोधक कारखाना - बरौनी : इस कारखाना की स्थापना 1964 ई० में रूस की सहायता से की गई थी।

(ii) बरौनी खाद कारखाना - बरौनी - उस कारखाना की स्थापना 1964 ई० में हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर द्वारा की गई थी।

(iii) भारत वैगन एवं इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड :- मोकामा

(iv) रेलवे - जमालपुर

प्रश्न :- बिहार में राज्य सरकार के कौन-कौन से प्रमुख उद्योग स्थापित हैं?

उत्तर :- बिहार स्टेट स्कूटर्स लिमिटेड - फतुहा

प्रश्न :- बिहार में निजी क्षेत्र के कौन-कौन से औद्योगिक उपक्रम स्थापित हैं?

उत्तर :- बिहार में निजी क्षेत्र के निम्नलिखित औद्योगिक उपक्रम स्थापित हैं।

i. रोहतास इंडस्ट्रीज लिमिटेड - डालमियानगर
ii. हिन्द इंजीनियरिंग कम्पनी - बरौनी
iii. डालमिया सिमेंट लिमिटेड - बंजारी
iv. श्री सीमेंट कारखाना लिमिटेड - औरंगाबाद

प्रश्न :- बिहार में राज्य सरकार के औद्योगिक उपक्रम कौन-कौन से हैं?

उत्तर :- बिहार में राज्य सरकार के औद्योगिक उपक्रम निम्नलिखित हैं।

i. बिहार स्टेट फूड एंड सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन - पटना

Scanned with CamScanner

ii) बिहार फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड पटना
iii) बिहार स्टेट फाइनेन्स कॉरपोरेशन लिमिटेड -पटना
iv) बिहार स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड -पटना
v) बिहार स्टेट एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड -पटना
vi) बिहार स्टेट डेयरी कॉरपोरेशन लिमिटेड -पटना
vii) बिहार स्टेट हाउसिंग कॉरपोरेशन लि० -पटना
viii) बिहार स्टेट वाटर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड -पटना
ix) बिहार स्टेट सुगर कॉरपोरेशन लिमिटेड -पटना
x) बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग ~~कम्पनी~~ कॉरपोरेशन लिमिटेड - पटना।

प्रश्न :- बिहार के प्रमुख उद्योग कौन-कौन से हैं?

उत्तर :- बिहार के प्रमुख उद्योग निम्नलिखित है।

-चीनी उद्योग :- मढ़ौरा, महाराजगंज, हथुआ, गोपालगंज, नरकटियागंज, बगहा, गोरौल, सकरी, गुरारु, मोतिहारी, बेतिया, हसनपुर, ।
सिगरेट उद्योग :- मुंगेर
बन्दूक उद्योग :- मुंगेर
जूट उद्योग :- कटिहार समस्तीपुर, फारबिसगंज
कागज उद्योग :- डालमियानगर, समस्तीपुर, दरभंगा
रेलवे उद्योग :- जमालपुर मोकामा, मुजफ्फरपुर

प्रश्न :- बिहार में लघु एवं कुटीर उद्योग कौन-कौन से हैं?

उत्तर :- बिहार में लघु एवं कुटीर उद्योग निम्न हैं।

i.) रेशम उद्योग — भागलपुर

ii.) बहन उद्योग — मेहसी, दलसिंह सराय

iii) दियासलाई उद्योग — कटिहार

iv) कम्बल उद्योग — गया, पूर्णिया, औरंगाबाद

v) हथकरघा उद्योग — मधुबनी, भागलपुर

vi) बीड़ी उद्योग — बिहारशरीफ, सासाराम, जमुई

vii) सूती कपड़ा उद्योग — गया, बक्सर, डुमराँव

viii) बर्तन उद्योग — सीवान, बिहटा

ix) चमड़ा उद्योग — मोकामा, गया, दीघा

## [ बिहार के खनिज ]

प्रश्न :- खनिज क्या है?

उत्तर :- चट्टानों की तहों (निचली परतों) में पायी जानेवाली अनमोल चीजें जिन्हें भूमि को खोदकर बाहर निकाला जाता है, तो वह खनिज कहलाता है।

प्रश्न :- बिहार में मुख्य रूप से कौन-कौन-सा-खनिज पाया जाता है?

उत्तर :- बिहार में मुख्य रूप से चूना-पत्थर, पायराइट्स, चीनी मिट्टी, ग्रेफाइट, टिन आदि खनिज पाया जाता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न:- बिहार के किन स्थान पर चूना-पत्थर पाया जाता है?
उत्तर:- बिहार के रोहतास जिले के "अमझोर" नामक स्थान पर चूना-पत्थर पाया जाता है।

प्रश्न:- चीनी मिट्टी बिहार के किस क्षेत्र में पाया जाता है?
उत्तर:- चीनी मिट्टी बिहार के भागलपुर तथा मुंगेर जिले में पाया जाता है।

प्रश्न:- ग्रेफाइट बिहार के किस क्षेत्र में पाया जाता है?
उत्तर:- ग्रेफाइट बिहार के मुंगेर जिला में पाया जाता है।

प्रश्न:- बिहार के किस क्षेत्र में टिन पाया जाता है?
उत्तर:- बिहार के गया जिले में टिन पाया जाता है।

प्रश्न:- बिहार के किन-किन स्थानों पर खनिज पाये जाते हैं?
उत्तर:- बिहार के निम्नलिखित स्थानों पर खनिज पाये जाते हैं।
1) अभ्रक - भागलपुर, मुंगेर, गया

ii) सीसा - भागलपुर
iii) सोना - जमुई का करमटिया गाँव
iv) ऐस्बेस्टस - मुंगेर
v) डोलोमाइट - बंजारी
vi) गन्धक - अमझोर, कछिया, भोगिमाकोह (कैमूर)

## बिहार में सिंचाई के साधन एवं प्रमुख नहरें

प्रश्न :- सिंचाई (Irrigation) किसे कहते हैं?
उत्तर :- सिंचाई कृषि का वह साधन है, जिसके द्वारा खेतों के जल की आवश्यकता की पूर्ति होती है।

प्रश्न :- बिहार के कितने क्षेत्रों पर सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था है?
उत्तर :- बिहार के 39000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रों पर सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था है।

प्रश्न :- बिहार में सिंचाई के कौन-कौन से प्रमुख साधन हैं?
उत्तर :- बिहार में सिंचाई के प्रमुख साधन नहर, तालाब, नलकूप, कुआँ आदि हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बिहार में सर्वाधिक क्षेत्रों की सिंचाई किन साधन द्वारा होती है?
उत्तर :- बिहार में सर्वाधिक क्षेत्रों की सिंचाई "नहरों" के द्वारा होती है।

प्रश्न :- बिहार में कुल सिंचित क्षेत्र में कितने प्रतिशत की सिंचाई नहरों द्वारा होती है?
उत्तर :- 35%.

प्रश्न :- बिहार में सिंचाई का दूसरा महत्वपूर्ण साधन क्या है?
उत्तर :- बिहार में सिंचाई का दूसरा महत्वपूर्ण साधन "नलकूप एवं कुआँ" है।

प्रश्न :- नलकूप एवं कुआँ द्वारा बिहार के कितने प्रतिशत भूमि की सिंचाई होती है?
उत्तर :- नलकूप एवं कुआँ द्वारा बिहार के 28% भूमि की सिंचाई होती है।

प्रश्न :- बिहार में सिंचाई की व्यवस्था के लिए कौन - कौन सी प्रमुख नहरें है?
उत्तर :- बिहार में निम्नलिखित परियोजनाओं द्वारा नहरें निकालकर सिंचाई की व्यवस्था की गयी है।
1. गंडक परियोजना :- इस परियोजना द्वारा

सारण, चम्पारण एवं तिरहुत क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था की गई है।

ii) कोसी परियोजना :- इस परियोजना के द्वारा सहरसा, पूर्णिया, भागलपुर जिले मे सिंचाई की व्यवस्था की गयी है

iii) सोन नहर :- इस नहर के द्वारा पटना, गया, रोहतास, भोजपुर तथा बक्सर जिले मे सिंचाई की व्यवस्था की गयी है।

iv) कमला नहर :- इस नहर के द्वारा सारण, चम्पारण, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, दरभंगा एवं सहरसा जिले में सिंचाई की व्यवस्था की गयी है।

v) त्रिवेणी नहर :- इस नहर के द्वारा चम्पारण जिले में सिंचाई की व्यवस्था की गयी है।

vi) सकरी नहर :- इस नहर द्वारा मुंगेर जिले मे सिंचाई की व्यवस्था की गयी है।

vii) तिरहुत नहर :- इस नहर द्वारा मुजफ्फरपुर तथा दरभंगा जिले मे सिंचाई की व्यवस्था की गयी है

viii) सारण नहर :- इस नहर द्वारा सारण एवं चम्पारण जिले में सिंचाई की व्यवस्था की गयी है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न:- बिहार की सर्वाधिक प्राचीन नहर कौन -सी है?
उत्तर:- सोन नहर

प्रश्न:- बिहार की दूसरी सर्वाधिक प्राचीन नहर कौन -सी है?
उत्तर:- त्रिवेणी नहर

प्रश्न:- बिहार की सबसे लम्बी नहर कौन -सी है?
उत्तर:- सोन नहर

## [बिहार की कृषि एवं फसलें]

प्रश्न:- फसल (crops) किसे कहते है?
उत्तर:- मिट्टी मे बीज डालकर खाद एवं सिंचाई की सहायता से आर्थिक रूप से जिन उपयोगी पौधों को उगाया जाता है उसे फसल कहते है। जैसे - धान, गेहूँ, चना, कपास आदि।

प्रश्न:- कृषि (Agriculture) किसे कहते है?
उत्तर - फसलों के उगाने की प्रक्रिया को कृषि कहा जाता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- कृषि के लिए किन - किन चीजों की आवश्यकता पड़ती है?

उत्तर :- कृषि के लिए उपजाऊ मिट्टी, बीज, खाद एवं सिंचाई की व्यवस्था आदि चीजों की आवश्यकता पड़ती है।

प्रश्न :- बिहार के अधिकत्तर लोगों की जीविका का साधन क्या है?

उत्तर :- बिहार के अधिकत्तर लोगों की जीविका का साधन "कृषि" है।

प्रश्न :- बिहार के कितने प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं?

उत्तर :- बिहार के ९० प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं।

प्रश्न :- बिहार में मुख्य रूप से फसलें कितने प्रकार की हैं?

उत्तर :- बिहार में मुख्य रूप से तीन प्रकार की फसलें हैं।

I. खरीफ फसल II. रबी की फसल
III. गरमा की फसल

प्रश्न :- किस फसल को खरीफ की फसल कहा जाता है?

उत्तर :- जो फसल जून - जुलाई में बोयी जाती है

तथा अक्टूबर - नवम्बर में काट ली जाती है, वह खरीफ की फसल कहलाती है।

प्रश्न :- खरीफ की मुख्य फसले कौन-कौन -सी है?

उत्तर :- खरीफ की मुख्य फसलें धान, गहना, ज्वार, बाजरा तथा मक्का आदि है।

प्रश्न :- किस फसल को रबी की फसल कहा जाता है?

उत्तर :- जो फसल अक्टूबर - नवम्बर में बोयी जाती है तथा मार्च - अप्रैल में काट ली जाती है, उसे रबी की फसल कहा जाता है।

प्रश्न :- रबी की मुख्य फसलें कौन - कौन -सी है?

उत्तर :- रबी की मुख्य फसले गेहूँ, चना, सरसों, आलु, जौ तथा राई आदि है।

प्रश्न :- किस फसल को जायद की फसल कहा जाता है?

उत्तर :- जो फसल मार्च से जून के बीच बहुत ही कम समय में बोयी एवं काटी जाती है, उसे जायद की फसल कहा जाता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न:- जायद की मुख्य फसलें कौन - कौन - सी हैं?
उत्तर:- जायद की मुख्य फसलें मक्का, ज्वार, जूट, तरबूज और खरबूज आदि हैं।

प्रश्न:- बिहार की मुख्य फसलों को कितने वर्गों में बाँटा गया है?
उत्तर:- बिहार की मुख्य फसलों को दो वर्गों में बाँटा गया है।
I. खाद्यान्न फसलें II. नकदी फसलें

प्रश्न:- बिहार की प्रमुख खाद्यान्न फसलें कौन - कौन - सी हैं?
उत्तर:- बिहार की प्रमुख खाद्यान्न फसलें धान, गेहूँ, मक्का, जौ, दलहन आदि हैं।

प्रश्न:- खाद्यान्न फसल किस फसल को कहा जाता है?
उत्तर:- जिस फसल का उत्पादन भूख-मिटाने के लिए किया जाता है, उसे खाद्यान्न फसल कहते हैं।

प्रश्न:- नकदी/व्यवसायिक फसल किसे कहते हैं?
उत्तर:- जिस फसल का उत्पादन व्यापार के

Scanned with CamScanner

दृष्टिकोण से किया जाता है उसे नकदी / व्यवसायिक फसल कहते है।

प्रश्न :- बिहार की प्रमुख नकदी फसल कौन - कौन - सी है?

उत्तर :- बिहार की प्रमुख नकदी फसल गन्ना, जूट, तम्बाकू, आलू, तिलहन आदि है।

प्रश्न :- आमद की फसल बिहार में मुख्य रूप से कहाँ होती है?

उत्तर :- आमद की फसल बिहार में मुख्य रूप से दरभंगा, मुजफ्फरपुर, और सहरसा जिले में होती है

प्रश्न :- बिहार के किस क्षेत्र में जूट की खेती होती है?

उत्तर :- बिहार के कटिहार एवं पूर्णिया जिले /क्षेत्र में खेती होती है।

प्रश्न :- बिहार के किस क्षेत्र में लीची की पैदावार होती है?

उत्तर :- बिहार के मुजफ्फरपुर तथा मोतिहारी जिले में लीची की पैदावार होती है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- बिहार के किस क्षेत्र में आम की अच्छी पैदावार होती है?

उत्तर :- बिहार के उत्तरी बिहार एवं भागलपुर क्षेत्र में आम की अच्छी पैदावार होती है।

प्रश्न :- बिहार के किस क्षेत्र में केले की अच्छी पैदावार होती है?

उत्तर :- बिहार के हाजीपुर, सोनपुर तथा मुजफ्फरपुर क्षेत्र में केले की अच्छी पैदावार होती है।

प्रश्न :- बिहार के किस क्षेत्र में ईख/गन्ना की सर्वाधिक खेती होती है?

उत्तर :- बिहार के उत्तर-पश्चिम बिहार के सिवान, गोपालगंज, मोतिहारी, बेतिया, भोजपुर आदि क्षेत्रों में ईख/गन्नों की सर्वाधिक खेती है।

Scanned with CamScanner

# (सम-सामयिकी (Current Affairs))

प्रश्न :- My life, my mission पुस्तक के लेखक कौन हैं?
उत्तर :- उदय माहूरकर

प्रश्न :- पतंजलि समूह के संस्थापक कौन हैं?
उत्तर :- बाबा रामदेव

प्रश्न :- अत्यधिक चर्चा में रहे अनुच्छेद 370 एवं धारा 35A किस राज्य से सम्बन्धित हैं?
उत्तर :- जम्मू और कश्मीर
प्रश्न :- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर कौन हैं?
उत्तर :- शक्तिकांत दास

प्रश्न :- विशाखापट्टनम गैस कांड कब हुआ?
उत्तर :- 8 मई 2020

प्रश्न :- "नीति आयोग" के अध्यक्ष कौन हैं?
उत्तर :- नरेन्द्र दामोदर दास मोदी

प्रश्न :- भारत के उपराष्ट्रपति कौन हैं?
उत्तर :- एम० वेंकैया नायडू
प्रश्न :- आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री कौन हैं?
उत्तर :- वाई० एस० जगमोहन रेड्डी

Scanned with CamScanner

प्रश्न :- भारत में कितने केन्द्रशासित प्रदेश है?
उत्तर :- 9

प्रश्न :- पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री कौन है?
उत्तर :- ममता बनर्जी ।

प्रश्न :- भारत के विदेश मंत्री कौन है?
उत्तर :- एस० जयशंकर ।

प्रश्न :- "उज्जवला योजना" का संबंध किससे है? — गैस (घरेलु ईंधन) ।

प्रश्न :- काराकाट लोक सभा क्षेत्र के सांसद कौन है? — महाबली सिंह ।

प्रश्न :- बक्सर लोक सभा क्षेत्र के सांसद कौन है? — अश्विनी कुमार चौबे ।

प्रश्न :- सासाराम लोक सभा क्षेत्र के सांसद कौन है? — छेदी पासवान

प्रश्न :- बिहार के कृषि मंत्री कौन है?
उत्तर :- डा० प्रेम कुमार
प्रश्न :- सासाराम विधान सभा क्षेत्र के विधायक कौन है? — डा० अशोक कुमार

Scanned with CamScanner